Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Rail Coach Factory in Bhilwara Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाडा में रेलवे ने सरकारी उपक्रम भारत हेवी इलैक्ट्रिकल लिमिटेड से मेमू कोच कारख़ाना स्थापित करने के लिए समझौता (एएमयू) किया । इसके लिए गुलबपुरा के निकट स्थान का चयन भी हो गया तथा राजस्थान सरकार ने रेलवे को कारखाने हेतु जमीन हस्तांतरित कर दी । 22.2.2013 को कारखाने का शिलान्यास किया गया । उसके उपरांत 8 साल से अधिक का समय व्यतीत हो गया हैं आगे किसी प्रकार की प्रगति नहीं हुई हैं । पूर्व में रेल राज्य मंत्री ने कारख़ाना स्थापित करने की सरकार की तरफ से मंशा जाहिर की थी । क्षेत्रवासी रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे हैं । सरकार को इस दिशा में सार्थक प्रयास करने चाहिए । अतः रेलवे उपलब्ध जमीन पर मेमू कारख़ाना या अन्य कोच/उपकरण कारख़ाना जिसकी आवश्यकता हो लगावे ।